तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 7 अगस्त 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



दाबपाली के 103 हितग्राहियों को चरण पादुका का वितरण 14





सशिमं के विद्यार्थियों ने किया थानेश्वर महादेव... 14




## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बरेकेलखुर्द में पटेवा पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी कुमार जोगी पिता प्रकाश कुमार (30 वर्ष) निवासी ग्राम बरेकेल खुर्द के कब्जे से कुल 7 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 2, 100 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### गढ़सिवनी में मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम गढ़सिवनी में एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को महेश्वर निवासी ग्राम गढ़सिवनी ने बताया कि 5 अगस्त की शाम को दशगात्र कार्यक्रम में खाना खाने गया था, जहां उसके बड़े पापा बेदराम साहू एवं कृष्ण कुमार साहू के बीच खाना खाने की बात को लेकर विवाद हो रहा। जिन्हें उसने समझाया और बाजार चौक चला गया। रात्रि करीब 8.30 बजे गणेशू साहू, मोनू साहू, हिमांशु साहू, प्रवीण साहू एक साथ आये और हमारे परिवार के साथ गाली गलौज किये हो कहकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### बिजली तार की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम गहनाखार खेत में स्थित बिजली खंभे से 300 मीटर केबल तार की चोरी की रिपोर्ट सिंघोड़ा थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को कनिष्ठ अभियंता कोमल साहू ने बताया कि ग्राम गहनाखार खेत में स्थित बिजली खंभे में लगे लगभग 300 मीटर केबल तार कीमत करीब 85000 रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा काटकर चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### टहलने निकले युवक से मारपीट

**महासमुंद।** शाम को टहलने निकले एक युवक के साथ मारपीट के मामले में पिथौरा थाने में आरोपी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 15 बागड़पारा निवासी नितेश शर्मा 3 अगस्त की शाम को टहलने के लिये निकला था, शाम करीब 6 बजे संगवारी ढाबा के सामने ग्राम जंघोरा के पास पहुंचा था। जहां उसका पडोसी निखिल पांडे खड़ा था जो उसे देख कर गाली गलौज करने लगा, जब गाली देने से मना किया तो जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। मामले में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

# पालक-शिक्षक बैठक में कलेक्टर बोले: नियमित परखें बच्चों के पढ़ाई स्तर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी शालाओं में बुधवार को सभी 184 संकुलों में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। पालक-शिक्षक बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर एवं पचेड़ा में आयोजित संकुल स्तरीय पालक शिक्षक बैठक कार्यक्रम में शामिल हुए। पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने और उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने उन्होंने पालक शिक्षक बैठक में शामिल होकर पालकों और बच्चों से संवाद कर उनके अनुभव जाने। इस अवसर पर उन्होंने शाला परिसर का अवलोकन भी किया।

कलेक्टर लंगेह ने पालकों से चर्चा करते हुए कहा कि अपने बच्चों की गतिविधियों और पढ़ाई की स्तर को नियमित रूप से परखने के लिए उनसे चर्चा करते रहें। यह सुनिश्चित करें कि बच्चे स्कूल से आने के पश्चात होम वर्क अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के गुणवत्ता के स्तर को बढ़ाने के लिए पालक और शिक्षक नियमित रूप से संवाद करके स्थानीय स्तर पर ही समाधान करें। पालकों ने जाति प्रमाण पत्र संबंधित समस्या के संदर्भ में भी कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने चर्चा के दौरान कहा कि बच्चों को मोबाईल की लत से दूर रखें।

साथ ही शिक्षकगण भी अध्यापन के दौरान मोबाइल का उपयोग आवश्यकता अनुसार ही करें। बैठक में पालकों ने बेहतर शिक्षण के लिए और भी सुझाव दिए।

## जिले के सभी संकुलों में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन

### बच्चों ने लिया नशे से दूर रहने का सामूहिक संकल्प

कलेक्टर ने पालकों से मोर गांव मोर पानी अभियान, एक पेड़ मां के नाम अभियान के संबंध में अवगत कराया। साथ ही बच्चों को नशा से दूर रखने सामूहिक संकल्प भी लिया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, संबंधित स्कूल के प्राचार्य, सरपंच, संकुल समन्वयक, शिक्षकगण, पालकगण एवं समिति के सदस्य मौजूद थे। जिले के अन्य स्कूलों में नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा पालक-शिक्षक बैठक आयोजित किया गया।



कलेक्टर ने शेर और पचेड़ा स्कूल में आयोजित पालक-शिक्षक बैठक में बच्चों और पालकों से की आत्मीय चर्चा

### कलेक्टर ने दिया स्टडी कॉर्नर का आइडिया

जिले के सभी अधिकारियों को 01-01 संकुल की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। जिसका निरीक्षण कर डीईओ कार्यालय को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। पालक शिक्षक संवाद में पालकों को बच्चों के लिए यथासंभव घर में पढ़ाई के लिए मेरा कोना-स्टडी कॉर्नर के रूप में एक निश्चित स्थान तय करने की बात बताई गई। इसी प्रकार छात्रों के लिए एक आदर्श दिनचर्या कैसी हो इसकी जानकारी दी गई।

## आंदोलन: विरोध प्रदर्शन करते हुए फूंका मुख्यमंत्री का पुतला, कांग्रेसियों ने बताया-जनविरोधी नीति

# बिजली बिल हाफ योजना में संशोधन से बिफरे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- योजना बंद होने से गरीबों में बढ़ेगा आर्थिक बोझ

बिजली बिल हाफ योजना में हुए संशोधन से बिफरे कांग्रेसियों ने बुधवार को जिला मुख्यालय में बिजली विभाग के सामने जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनविरोधी नीतियों पर चल रही है और आम जनता को मिलने वाली सुविधाओं को लगातार बंद कर रही है।

बिजली हाफ योजना से लाखों गरीब परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा था, और इसका बंद होना उनके लिए आर्थिक बोझ बन गया है। साय सरकार द्वारा बिजली बिल आधा योजना को बंद किया जाना जनता के ऊपर अत्याचार है साय सरकार ने मात्र 100 यूनिट की भीतर की खपत वाले का ही बिजली बिल माफ करने का जो हिटलरी निर्णय लिया है जिससे वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट का छूट भी नहीं मिलेगा। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने किया।

उन्होंने कहा बिजली हाफ योजना केवल एक राहत योजना नहीं थी, बल्कि यह गरीबों की जिंदगी को रोशनी देने वाली योजना थी। भाजपा सरकार इसे बंद करके आम जनता की कमर तोड़ने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी और इस तानाशाही फैसले के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्याय पूर्ण फैसले का विरोध करती है। कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी।



### निर्णय वापस नहीं तो उग्र प्रदर्शन की तैयारी

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, महिला मोर्चा, युवक कांग्रेस और सेवादल के सदस्यों ने भाग लिया। सभी ने नारेबाजी करते हुए सरकार के इस निर्णय को वापस लेने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अगर सरकार ने जल्द ही बिजली हाफ योजना को पुनः लागू नहीं किया, तो यह आंदोलन और उग्र रूप लेगा और पूरे राज्यभर में जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

### बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रहे उपस्थित

पुतला दहन में डॉ रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, आलोक चंद्राकर पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, किसान कांग्रेस नेता राजेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन सदस्य छत्तीसगढ़ शासन, प्रदीप चंद्राकर, गुरमीत चावला, गौरव चंद्राकर, अमन चंद्राकर युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष, वीरेंद्र चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, नितेंद्र बैनर्जी, कविता तिवारी सेवादल, कमल प्रजापति, तबरेज खान, हर्षित चंद्राकर, सचिन गायकवाड, पूर्व पार्षद तुलसी साहू, राजू साहू, जावेद चौहान, निर्मल जैन कोषाध्यक्ष, पूर्व सरपंच ब्रिजेन बंजारे, सोनम रामटेके, लीलू साहू, नूकेश महंत, अजय कुमार, आकाश निषाद, सागर डोंगरे, टकेश्वर दीवान, तुलसी देवदास, भानु सोनी एवं अन्य कांग्रेसजन इसमें शामिल रहे।

### सिरको में अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई, 50 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त

**बसना।** ग्राम सिरको में ग्रामीणों की सूचना पर आबकारी विभाग ने मारुति जेन कार (सीजी 07 एम 6279) से 25 लीटर अवैध शराब ले जा रहे भोजराज मिरी और आलेख अजगले को पकड़ा। महिला पुष्पांजलि तांडी को शराब बेचते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। और 25 लीटर अवैध शराब जब्त किया। इसी कड़ी में पिताईपाली में आरोपी ईश्वर से 15 लीटर व सरायपाली में रविलाल से 10 लीटर शराब जब्त की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक हृदय कुमार तिरपुडे, मिर्जा जफर बेग, राजकिशोर पांडे, व महिला गार्ड ओमलता नेताम शामिल रहे। ग्रामीणों व पंच-सरपंच के सहयोग से कुल 50 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त की गई। गांव में नशामुक्ति की ओर एक मजबूत कदम है।

# प्राणघातक हमला मामले में युवक को 7 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्राणघातक हमला के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने महासमुंद थाना क्षेत्र के ग्राम भलेसर निवासी 21 वर्षीय भूपेंद्र ओगरे पिता राम सिंग ओगरे को धारा 307 के अपराध में 7 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 2 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 3 माह का साधारण कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार महासमुंद थाना में बीरेंद्र भारद्वाज ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 जनवरी 21 को छेरछेरा पर्व होने के कारण अपने मितान अमित कोसले और लखन ग्राम गुल्लू निवासी के साथ फिंगेश्वर दर्रीपार अमित कोसले के घर गए थे। वापसी में अमित कोसले बोला कि तुम्हारे साला भूपेंद्र ओगरे के पास से मुर्गा लेकर घर जाएंगे। वहां भूपेंद्र से मुर्गा काटकर दो बोलकर पैसा दे दिए। लेकिन, काफी देर तक मुर्गा काटकर नहीं दिया। इस पर भूपेंद्र कोसले को जल्दी लेने के लिए अमित चिल्लाने लगा। इससे नाराज होकर भूपेंद्र गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर गुस्से में आकर भूपेंद्र मुर्गा काटने के चापड़ से हत्या करने की नीयत से अमित कोसले के बाएं गर्दन में प्राणघातक वार कर दिया। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा था। अपराध दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी को 7 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक संजय गिरि ने पैरवी की।

### हरनादादर में मारपीट, आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम हरनादादर में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को उमेश निराला ने बताया कि 4 अगस्त की रात 11 बजे वह अपने रिश्तेदार संजय डहरिया के यहां जन्म उत्सव कार्यक्रम में अपने बच्चों के साथ गया था। कार्यक्रम के पश्चात वह अपने बच्चो के वापस घर आ रहा था, तभी गांव गौठान के पास राकेश सतनामी एवं उसका साथी पप्पू ने उसे रोका और सिगरेट लाने के लिए कहा। प्रार्थी द्वारा मना करने पर पप्पू मोटर साइकिल को मांग कर सिगरेट लेने गया था, वापस आने पर जब अपने मोटर साइकिल के चाबी को मांगा तो आरोपी राकेश सतनामी और पप्पू द्वारा गाली गलौज कर मारपीट की गई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।






# सोनासिल्ली-घोंच मार्ग जर्जर



### ग्रामीणों ने की प्रशासन से मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से अपील की है कि इस सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था और भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किया जाए। ताकि ग्रामीण मार्ग पर दबाव कम हो। यदि समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो यह सड़क पूरी तरह जर्जर हो सकती है, जिससे न केवल ग्रामीणों की आवाजाही बाधित होगी बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और जनसेवा भी प्रभावित होगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

नेशनल हाईवे-53 से ग्राम सोनासिल्ली होते हुए घोंच जाने वाली मुख्य ग्रामीण सड़क की हालत इन दिनों बद से बदतर हो चुकी है। सड़क की वर्तमान स्थिति ऐसी हो गई है कि यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि सड़क गड्ढों में है या गड्ढे सड़क में।

बरसात के मौसम में सड़क पर जमा पानी, जगह-जगह बने गहरे गड्ढे और टूटी हुई परतें न केवल आम जनजीवन के लिए खतरा बनी हुई हैं, बल्कि हादसों को भी न्योता दे रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से नियमित रूप से स्कूली बच्चे, किसान, और आपातकालीन सेवाएं आवाजाही करती हैं, लेकिन सड़क की हालत को लेकर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि डबल केजव्हील ट्रैक्टरों के अत्यधिक उपयोग से भी सड़क की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। बारिश में जलभराव की वजह से गड्ढों की गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### स्ट्रीट लाइट नहीं होने से रात में आवाजाही में दिक्कत

उक्त सड़क में स्थानीय प्रशासन द्वारा स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं कि गई है। गढ्ढे युक्त बदहाल सड़क में चलने में लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बारिश की वजह से जहरीले जीव जंतुओं का डर अलग बना रहता है। स्थिति को और बदतर बना रही है भारी वाहनों की आवाजाही। एनएच-53 पर स्थित ढांक टोल प्लाजा से टोल बचाने के उद्देश्य से भारी वाहन कसहीबाहरा होते हुए इस ग्रामीण सड़क का बाईपास के रूप में उपयोग कर रहे हैं। इससे सड़क पर ट्रैफिक का दबाव कई गुना बढ़ गया है, जिसके चलते सड़क की मरम्मत की जरूरत और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

### पुरंदर आज रहेंगे जिले के प्रवास पर



**पिथौरा।** रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा 7 अगस्त जिले के प्रवास में रहेंगे। पुरंदर 11 बजे महासमुंद में प्रेसवार्ता कर 12 बजे भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में उपस्थित रहेंगे। उसके बाद पुरंदर मिश्रा दोपहर 2 बजे बसना विधानसभा के दुर्गापाली के हाईस्कूल परिसर में बैठक में भाग लेंगे। ततपश्चात मिश्रा 5 बजे सरायपाली बसना के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में उपस्थित होकर 7 बजे रायपुर के लिए रवाना होंगे।

### बुजुर्ग से मारपीट, घटना सीसीटीवी फुटेज में हुई कैद

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के बुजुर्ग के साथ मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। गांव के दीनदयाल उपाध्याय पारा निवासी चंद्रिका साहू (60 वर्ष) पिता चमारराय 3 अगस्त को साइकिल से घर जा रहा था। जैसे ही स्कीलर सलूशन कंपनी के पास पहुंचा था तो रास्ता रोककर मोहल्ले के बलि मंडलोई द्वारा नाम लेकर बिना कारण के गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का और लात घूसों से मारपीट किया और साइकिल को उठा कर उसके ऊपर पटका, जिसके के कारण से सिर में चोट लगी है और दांत टूट गया है। घर आने के बाद घटना के संबंध में घर में जानकारी दी। बाद इसकी शिकायत सिटी कोतवाली महासमुंद में रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की। मामले का वारदात कंपनी के सीसीटीवी फुटेज में कैद है, जिसका वीडियो थाने में सौपा गया। लेकिन, अभी तक कार्रवाई नहीं होने से प्रार्थी पक्ष में दहशत हैं।

**खबर संक्षेप**



### सोरिद हाईस्कूल में हुई पालक बालक बैठक

**महासमुंद।** सोरिद हाईस्कूल में पालक बालक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समग्र शिक्षा एपीसी संपा बोस उपस्थित थी। पालकों ने अनेक सुझाव दिए। विषय शिक्षकों ने अपने अपने विषयों में बच्चों के स्तर सुधार पर चर्चा की। जर्जर भवन में कक्षा संचालित नहीं करने पर जोर दिया।। तत्पश्चात एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, पंचगण व नागरिक व पालक समूह सहित संकुल प्राचार्य सुखेंद्र द्विवेदी सहित व्याख्याता अंग्रेजी पूजा श्रीवास्तव, व्याख्याता गणित नेहा संगतानी, मंजू दीवान, मनीषा नंदेश्वर, विज्ञान सहायक प्रभारी प्रधान पाठक सोहन साहू, सीएच एलबिना, सीमा मानिकपुरी, शिक्षक तारकेश्वर साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

**सफलता :** नेहरू हॉकी में बेमचा के 17 वर्ष बालक टीम बनीं संभाग विजेता

# संभाग स्तरीय नेहरू हॉकी 17 वर्ष बालक वर्ग में महासमुंद जिले की टीम बनीं विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संभाग स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम रायपुर में 05 अगस्त को आयोजित किया गया। महासमुंद जिले की 15 वर्ष बालक टीम, 17 वर्ष बालक एवं बालिका टीम शामिल हुई, जिले की 17 वर्ष बालक टीम ने गरियाबंद को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जहां फाइनल में रायपुर को 4-2 से हराकर विजेता बनने के साथ ही जिले की बालक टीम राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता 28 से 31 अगस्त तक जशपुर में आयोजित किया जाएगा।

जिसके लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा की 17 वर्ष की टीम ने क्वालीफाई कर लिया है। हॉकी 17 वर्ष बालक विजेता टीम के खिलाड़ियों में शासकीय उमावि बेमचा के राकेश निषाद, पुष्कर साहू, डोगेश निषाद, फलेश यादव, गणेश सेन, राजकुमार निषाद, देवेश कुमार चंद्राकर, सागर सेन, टोमेश चंद्राकर, सागर चंद्राकर, जय चंद्राकर, देवेंद्र ध्रुव, हर्ष कुमार बघेल, अरविंद विश्वकर्मा, प्रभात कोसरे, सेवक राम विश्वकर्मा शामिल रहे। जिले की 17 वर्ष बालिका टीम ने फ़ाइनल में प्रवेश कर रायपुर से 1-0 से हारकर दूसरा स्थान प्राप्त किया जिसमें शासकीय उ मा विद्यालय बेमचा के धारणी निषाद, जागृति यादव, सोनाली ठाकुर, तोमेश्वरी साहू, गूंजा ध्रुव, रागिनी निषाद, सविता जोशी, ओमेश्वरी मानिकपुरी, डॉली चंद्राकर, विभा साहू, माधुरी पाटेश्वर, सृष्टि बांधे, साधना देवदास, आरुषि देवदास, झरना विश्वकर्मा व रिंकी निषाद शामिल रहे। 15 वर्ष बालक टीम रायपुर, गरियाबंद के बाद तीसरे स्थान पर रहीं जिसमें 15 वर्ष बालक टीम में आशीबाई गोलछा उ. मा. वि. महासमुंद के युगल दीवान, योगराज दीवान, हिमांशु ठाकुर, तरुण दीवान, तुषार विश्वकर्मा, कुणाल पटेल, पूरब दुर्रे, त्रिलोक ध्रुव, वीरेंद्र मांझी, तीर्थराज, दीपक कुमार, सजल शर्मा, कुमार सिंह, योगेश दीवान, बसंत चक्रधारी, सुशांत दीवान शामिल हुए।



इससे पहले लगातार 3 सालों से बेमचा की बालक टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। इस वर्ष भी शाउमाविबेमचा को खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत खेल उपकरण एवं नियमित खेल अभ्यास से हॉकी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, येतराम साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, राहुल चंद्राकर अध्यक्ष जिला हॉकी संघ, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, प्राचार्य बेमचा एस. आर. पाटकर, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, हिरेंद्र साहू, नीलम सिन्हा, डॉ. सुनील कुमार भोई, इंद्राणी भास्कर, वेदराम, दुलामनी, रामेश्वरी ने हर्ष जताया है।



### कुत्ते, बिल्ली और सूअरों के झुंड से वार्डवासी परेशान, कार्रवाई की मांग

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 26 में आवारा कुत्ते,और सूअरों की संख्या दिनोदिन बढ़ रही है। यह सड़कों पर झुंड में घूम रहे हैं। मौका देखते ही राहगीरों को पर भौंकने व काटने के लिए झपटने लगते हैं। कई बार कुत्ते के हमले से राहगीरों को चोटिल होना पड़ रहे हैं। जिससे वार्डवासियों ने कुत्तों और सूअर को लेकर दहशत में हैं। शहर का ऐसा कोई स्थान नहीं है, जहां आवारा कुत्तों का झुंड न मंडराता हो। शहर की हर गली में जहां-तहां आवारा कुत्ते झुंड में घूम रहे हैं। जिन पर अंकुश नहीं लग रहा है। आवारा कुत्तों की वजह से लोगों का गलियों से निकलना मुश्किल हो गया है। जैसे ही लोग घर से बाहर कदम रखते हैं, कुत्ते भौंकना चालू कर देते हैं। जिससे लोग डर के मारे सहम जाते हैं। यदि कोई अनजान व्यक्ति वार्ड या गलियों में प्रवेश करता हैं, तो कुत्ते हमला तक कर देते हैं। कुत्ते छोटे बच्चों को देखते ही फौरन कांटने के लिए दौड़ पड़ते हैं। यदि बच्चों के साथ कोई बड़ा न रहे तो बच्चों को बाहर खेलने पर हर वक्त आवारा कुत्तों से खतरा बना रहता है। भूखे व खूंखार आवारा कुत्तों से बचना मुश्किल होता जा रहा है। वार्ड के सक्रिय पूर्व पार्षद मनीष शर्मा ने सीएमओ और अध्यक्ष को इनकी शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। शहर में आवारा कुत्तों का आतंक दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। स्थानीय प्रशासन द्वारा आवारा कुत्तों और सूअरो पर अंकुश लगाने के कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। साथ ही वार्ड में बिल्ली का भी झुंड है जो वार्ड के घरों में गंदगी फैला रहे है।




### सरस्वती शिशु मंदिर मचेवा में पर्यावरण जागरुकता के लिए पहल

**महासमुंद।** पहल फाउंडेशन द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर मचेवा में छात्र-छात्राओं में पर्यावरण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए 05 अगस्त को व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय से सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) एवं भूतपूर्व सैनिक अरविंद साहू रहे। अरविंद द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण का मानव जीवन, अन्य जीव जंतुओं तथा बनस्पति के लिए महत्त्व, पर्यावरण प्रदूषण के बढ़ते स्तर एवं वृक्षोन्मूलन के संबंध में विस्तार पूर्वक में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि एकल उपयोगी पॉलीथिन वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती हो चुकी है, इसका समय रहते उचित निदान अति आवश्यक है। इस अवसर पर पहल फाउंडेशन के संस्थापक प्रणिता साहू ने पेन बिन प्रदान कर सभी छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि वे अपने अनुपयोगी प्लास्टिक पेन, रिफिल तथा अन्य छोटे प्लास्टिक वस्तुएं पेन बिन में डालकर विद्यालय परिसर और मचेवा को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त कराने में अपनी एक छोटी सहभागिता प्रदान करें एवं अन्य को भी इस सम्बन्ध में जागरुक करें। संस्था के प्रधानाचार्य बसंत कुमार कोसरे ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रत्येक विद्यार्थी की सहभागिता महत्वपूर्ण है, हम सबका एक छोटा सा प्रयास पर्यावरण के संरक्षण के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के शिक्षकगण स्वेता साहू, रेणुका साहू, पुष्प देवांगन, सावित्री साहू, पूजा चक्रधारी, मनीषा साय, पूजा साहू, तुलसी साहू, देवकी कंवर, जागृति देवांगन, रोशन कोसरे एवं विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

# अवैध रेत भंडारण एवं परिवहन पर कड़ी कार्रवाई 2 चेन माउंटेन एवं 3 ट्रैक्टर वाहन जब्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार इसी क्रम में बुधवार को संयुक्त टीम द्वारा महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम घोड़ारी तहसील के महानदी क्षेत्र में अवैध रूप से भंडारित किए गए रेत के लोडिंग कार्य में लगे हुए एक 2 चेन माउंटेन एवं 3 ट्रैक्टर वाहन को जब्त किया गया। वाहन को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में खड़ा किया गया है। खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सस्ता प्याज खरीदने लोगों में मची होड़



**महासमुंद।** नगर के नकुल ढीढी गार्डन के सामने 300 रुपए प्रति बोरी प्याज खरीदने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बुधवार को जहां बाजार में प्याज 25 से 30 रुपए किलो बिक रहा है, वहीं 30 किलो की प्रति बोरी 300 रुपए में लोगों को मिलने की जानकारी मिलते ही लोग टूट पड़े। ट्रक के आसपास काफी भीड़ लग गई जिससे आसपास यातायात तक प्रभावित होता रहा।



### वार्ड पार्षद चंद्रशेखर का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद महासमुंद द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 25 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किए गए। इन हितग्राहियों में से सर्वाधिक 17 लाभार्थी वार्ड क्रमांक 22 के रहे। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद चंद्रशेखर बेलदार के उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बेलदार द्वारा वार्डवासियों के हित में लगातार सक्रियता से कार्य कर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति एवं भवन अनुज्ञा पत्र दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। उनके इस सेवाभाव एवं जनकल्याणकारी प्रयासों की सराहना करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नगरपालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू एवं उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने चंद्रशेखर बेलदार का शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर तथा नगर पालिका के सभापति एवं पार्षदगण भी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं कृषि सांख्यिकी योजनाओं पर एक दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण आज

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सामान्य फसल अनुमान सर्वेक्षण एवं अन्य कृषि सांख्यिकी योजनाओं से संबंधित एक दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 07 अगस्त 2025, को जिला ग्रंथालय, नवकिरण अकादमी, महाप्रभु वल्लभाचार्य शासकीय महाविद्यालय महासमुंद में दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सामान्य फसल अनुमान सर्वेक्षण एवं अन्य कृषि सांख्यिकी योजनाओं की प्रक्रियाओं एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी देना है, ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम पाली में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक तहसील बसना, सरायपाली एवं पिथौरा से राजस्व निरीक्षक मंडल सांकरा, भुरकोनी, पिरदा एवं देवरी तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक तहसील महासमुंद, बागबाहरा, कोमाखान एवं पिथौरा के राजस्व निरीक्षक मंडल कौहाकुड़ा, पिथौरा व लहरौद क्षेत्र के संबंधित अधिकारी शामिल होंगे। प्रशिक्षण में संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, अतिरिक्त, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, तहसील कानूनगो, कृषि मजदूरी/बाजार भाव प्रतिवेदक पटवारी, कृषि विभाग के उपसंचालक, फसल प्रयोगकर्ता अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### स्वतंत्रता दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए शुक्रवार 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके फलस्वरूप कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने उक्त शुष्क दिवस में जिले की समस्त देशी, विदेशी, कंपोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफ.एल. 3 सपना बार एण्ड रेस्टोरेंट, देशी मदिरा भंडारण भांडागार महासमुंद तथा देशी, विदेशी, कंपोजिट आहातों को बंद रखने आदेशित किया है। उक्त दिवस में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

# कोडार जलाशय से किसानों के लिए आज छोड़ा जाएगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

किसानों की सिंचाई की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जिले के कोडार जलाशय से पानी छोड़े जाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के अनुशंसा पर किसानों की मांग को देखते हुए लिया गया है।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता अजय खरे ने बताया कि वर्तमान में शहीद वीरनाराण सिंह बांध कोडार जलाशय परियोजना का गेट 07 अगस्त को खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि शहीद वीरनाराण सिंह बांध कोडार जलाशय परियोजना (वृहद) में रूपांकित जल की मात्रा 149 एमसीयूएम है। 06 अगस्त की स्थिति में कुल उपयोगी जल भराव 83.39 एमसीयूएम अर्थात 55.97 प्रतिशत जल उपलब्ध है। शहीद वीरनाराण सिंह बांध कोडार जलाशय परियोजना (वृहद) के अन्तर्गत आने वाले ग्रामों एवं कृषकों तथा ग्राम पंचायत के सरपंचों द्वारा खरीफ सिंचाई हेतु पानी छोड़ने की मांग की गई है। जिसमें सरपंच ग्राम पंचायत साराडीह, बेमचा, बेलसोंडा, कौआझर, पिरदा, मालीडीह, कौंदकेरा एवं अन्य गांव के किसानों का आवेदन प्राप्त हुआ है। कोडार बांध से 50 ग्रामों का 16 हजार 756 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई लक्ष्य प्रस्तावित है। कोडार बांध का दोनों स्लूस गेट (आरबीसी एवं एलबीसी) का गेट खरीफ सिंचाई के लिए 7 अगस्त को खोला जाएगा। किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ही सिंचाई जल का उपयोग करें तथा किसी भी स्थिति में नहरों को काटकर अवैध रूप से पानी न लें। इससे जल प्रबंधन प्रभावित होता है और अन्य किसानों को लाभ नहीं मिल पाएगा। किसानों को समय पर सिंचाई जल उपलब्ध कराने के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय है।



# महिला एवं बाल विकास को नई दिशा देने सभापति ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

## बसना में 341 आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन हेतु संसाधन केंद्र भवन निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय बसना के लिए संसाधन केंद्र (भवन) निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए परियोजना अधिकारी द्वारा जनपद पंचायत बसना के सभापति प्रकाश सिन्हा को औपचारिक रूप से पत्र प्रेषित किया गया है।

वर्तमान में भवन की अनुपलब्धता के कारण संचालन में असुविधा उत्पन्न हो रही है। इस संदर्भ में प्राप्त मांग पत्र को प्रकाश सिन्हा द्वारा गंभीरता से लेते हुए बसना विधानसभा के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल को प्रस्ताव सौंपा गया है एवं भवन निर्माण की स्वीकृति हेतु अनुरोध किया गया है। उक्त मांग पत्र में विकासखंड बसना के अंतर्गत 341 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनके संचालन, प्रशिक्षण एवं योजना क्रियान्वयन के लिए एक स्थायी संसाधन केंद्र की अत्यंत आवश्यकता है। वर्तमान में विभागीय कार्य अस्थायी संसाधनों के भरोसे चल रहे हैं, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो रही है। प्रकाश ने बताया कि संसाधन केंद्र के निर्माण से महिला एवं बाल विकास से संबंधित गतिविधियों का संचालन प्रभावी रूप से हो सकेगा और इससे न केवल विभागीय कार्यों की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि महिला-शिशु कल्याण की योजनाएं भी ग्रामीण अंचलों तक बेहतर ढंग से पहुंच सकेंगी।



### रामसागर में हुआ नेवता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** विकासखंड महासमुंद के शासकीय शासकीय प्राथमिक शाला रामसागर (संकुल पटेवा) में पदस्थ शिक्षक कोमल दीवान के पत्नी अंजू दीवान के जन्मदिन अवसर पर विद्यालय में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा व विशिष्ट अतिथि संकुल समन्वयक राजू देवांगन साहू उपस्थित रहे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए न्योता भोजन के बारे में कहा कि छत्तीसगढ़ की स्कूलों में प्रधानमंत्री कौशल शक्ति योजना के अंतर्गत सभी स्कूलों में न्योता भोजन योजना लागू करने का शासन द्वारा निर्णय लिया गया है। न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने हाथों से बच्चों के थाली में फल, पूरी, सब्जी इत्यादि परोस कर स्वयं बच्चों के साथ भोजन किया। ततपश्चात सरकार के महत्वपूर्ण कड़ी मेगा पालक बैठक में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पंचायत सरपंच आशा बाई ठाकुर, प्रधान पाठक दुष्यंत सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य मोहन यादव, कमल ध्रुव, रमेश निषाद, हेमंत ठाकुर एवं रसोइया में इश्वरी यादव आदि उपस्थित रहे।

### आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए होगा 4 टेस्ट सीरीज, पहला 17 को

**महासमुंद।** नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय महासमुंद में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी प्रत्येक भर्ती परीक्षा के पूर्व प्रारंभ से ही मेगा टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में आगामी आरक्षक भर्ती परीक्षा 14 सितंबर 2025 को होनी है। आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 04 मेगा टेस्ट सीरीज नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय महासमुंद द्वारा लिया जाएगा। जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा। जारी विज्ञप्ति में जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी डी बसंत साव ने बताया कि आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 को ध्यान में रखते हुए टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 04 टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। आरक्षक भर्ती परीक्षा के 04 टेस्ट सीरीज क्रमशः 17 अगस्त रविवार को पेपर -1 संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -01, 24 अगस्त रविवार को पेपर -2, 31 अगस्त रविवार को पेपर -3, एवं 07 सितंबर रविवार को पेपर-4 संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -04 का आयोजन किया जाएगा। साथ ही नवकिरण अकादमी में फाउंडेशन कोर्स की नई बैच की क्लासेस 1 अगस्त 2025 से प्रारंभ हो चुकी है। नई बैच की क्लासेस सुबह 07 से 10 बजे तक एवं सायंःकालीन में शाम 04 से 07 बजे तक संचालित हो रही है।

# पालक-शिक्षक बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय श्रीराम उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालय में सत्र 2025-26 की प्रथम पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन 6 अगस्त 2025 को उत्साहपूर्वक हुआ। इस अवसर पर पालकों की सक्रिय भागीदारी रही और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर 12 प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में डाइट व्याख्याता उमा शर्मा ने बच्चों की शिक्षा, व्यवहार, सामाजिक वातावरण, परीक्षा परिणाम, प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी, छात्रवृत्ति योजनाओं, जाति प्रमाण पत्र तथा पॉक्सो एक्ट संबंधी विषयों पर गहन चर्चा करते हुए पालकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं संकुल समन्वयक पवन साहू ने बच्चों की पढ़ाई को सुगम और रोचक बनाने के लिए विभिन्न शैक्षणिक मोबाइल ऐप्स की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पालक इन ऐप्स के माध्यम से बच्चों के साथ अध्ययन कर सकते हैं और पढ़ाई में आ रही कठिनाइयों को आसानी से दूर कर सकते हैं।




बैठक का संचालन संयुक्त रूप से लक्ष्मी मानिकपुरी एवं हेमन चक्रधारी द्वारा किया गया। लीनू चंद्राकर, किशोर देवांगन, गीता गोस्वामी, दिगेश पुरेना एवं शांति पुरेना समेत समस्त शिक्षकों ने पालकों के साथ छात्रों की शैक्षणिक प्रगति एवं परीक्षा परिणामों पर सार्थक चर्चा की। साथ ही शिक्षकों ने पालकों से निवेदन किया कि वे बच्चों के गृहकार्य को अवश्य देखें, उन्हें नियमित गृहकार्य कराकर विद्यालय भेजें, और सीखने की प्रक्रिया को सतत बनाए रखने के लिए नियमित विद्यालय उपस्थिति के लिए प्रेरित करें।

बैठक में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं शिक्षाविद मधु शर्मा एवं कुंती देवांगन की उपस्थिति रही, जिनकी सहभागिता ने बैठक को और भी प्रभावशाली बनाया। शासकीय प्राथमिक शाला श्रीराम की प्रधान पाठिका चमेली चंद्राकर ने बच्चों को स्वच्छ आदतें व नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। संस्था प्रमुख उर्मिला मरकाम ने सभी अतिथियों, पालकों का आभार व्यक्त करते हुए निवेदन किया कि पालक भविष्य में भी नियमित रूप से शिक्षक-पालक बैठकों में सहभागी बनें और अपने बच्चों की प्रगति की जानकारी लेते रहें। ताकि घर और विद्यालय दोनों मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कार्य कर सकें।

## खबर संक्षेप



### आत्मानंद हिंदी स्कूल में नारी विमर्श कार्यक्रम

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद हिंदी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में आस्था साहित्य समिति के तत्वावधान में मुंशी प्रेमचंद का साहित्य में नारी विमर्श कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आस्था साहित्य समिति के संरक्षक एवं सेवानिवृत्ति जिला शिक्षा अधिकारी एस चंद्रसेन रही। अध्यक्षता आस्था सहित समिति के अध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक ने की। विशेष अतिथि डॉ साधना कसार सेवानिवृत्ति प्राचार्य, केआर चंद्राकर सेवानिवृत्त प्राचार्य, सरिता तिवारी सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक, एसआर बंजारे, सुरेंद्र अग्निहोत्री रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन सेवा स्वागत भाषण मुरलीधर पटेल व्याख्याता हिंदी ने दिया। साहित्यकार प्रेमचंद की जीवनी पर तोषण, महेंद्र, कमल, माधुरी, चित्र रेखा, रोशनी, मोनिका नेताम ने भाषण कविता प्रस्तुत किया। प्रमुख आकर्षण छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका बूढ़ी काकी रहा। जिसको स्नेहा, तानिया, रेशम, धारिणी, गौतमी एकांकी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अग्निहोत्री ने गोदान पर अपनी बात रखी। बंजारे ने स्वरचित रचना प्रस्तुत किया। पौराणिक ने नारियों के उत्थान पर अपनी बात प्रेमचंद की रचनाओं से तारतम्य किया। सरिता तिवारी ने सूर्यकांत त्रिपाठी की रचना प्रस्तुत किया। डॉ कसार ने हिंदी साहित्य पर किए अपने कार्यों का उल्लेख किया। कार्यक्रम को एस चंद्रसेन ने संबोधित करते हुए मुंशी के सभी साहित्याओं को याद किया। यह कार्यक्रम भोजेश्वरी ठाकुर एवं प्रियंका ध्रुव द्वारा किया गया। संचालन हेमंत डड़सेना ने किया। कार्यक्रम में डॉ संध्या चंद्राकर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सराहना प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य एवं उपप्राचार्य चमन लाल चंद्राकर ने की।

**बैठक : चौपाटी के दुकानों की नीलामी पर नपाध्यक्ष ने दिया जोर**

# पालिका तथा शहरवासियों के हित के लिए लंबित कार्यों का निराकरण आवश्यक : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के 7 प्रमुख विषयों को लेकर नगर

- परिषद की बैठक में 7 एजेंडों पर हुई चर्चा, सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित

पालिका परिषद में बुधवार को परिषद की बैठक में चर्चा हुई। नपाध्यक्ष अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में आहूत बैठक में नपा उपाध्यक्ष सहित समस्त पीआईसी मेंबरों सहित वार्ड पार्षदगण, विभाग प्रभारी अधिकारीगण व सीएमओ अशोक सलामे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने परिषद के समस्त सदस्यों व पीआईसी मेंबरों को परिषद की तीसरी बैठक के उद्देश्यों के बारे में बताया। 7 प्रमुख एजेंडों में गुरू गोविंद सिंह उद्यान के सामने स्थित चौपाटी के दुकानों की नीलामी के संबंध में चर्चा हुई। सदस्यों से चर्चा उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने



कहा कि पालिका की आर्थिक स्थिति को सुधारने तथा शहर के छोटे-बड़े व्यवसायियों को एक व्यवस्थित व सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने चौपाटी के दुकानों की नीलामी आवश्यक है। पालिका हित को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सभी सदस्यों के समक्ष यह प्रस्ताव रखते हुए नीलामी प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने पर जोर दिया। साहू ने कहा कि हमारा उद्देश्य स्वहित को परे रखकर शहर तथा शहरवासियों के विकास करना है। अतः लंबित कार्यों का निराकरण आवश्यक है। उन्होंने परिषद के सभी मेंबरों के सहयोग से शहर विकास को नई दिशा देने पर बल दिया। परिषद के बैठक में प्रमुख रूप से विभिन्न पेंशन के 21 आवेदनों तथा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत पालिका को मिले 6 आवेदनों के स्वीकृति पर भी चर्चा हुई। साथ ही जाति एवं निवास संबंधी आवेदनों के निरकारण, 5 जून को आयोजित पीआईसी बैठक में पारित प्रस्ताव व 17 जुलाई को पीआईसी बैठक में लिए गए निर्णयों से परिषद के सदस्यों को अवगत कराकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए।

**बैठक में इनकी रही मौजूदगी**

बैठक में अध्यक्ष निखिलकांत साहू, उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति सूरज नायक, जयकुमार देवांगन, गुलशन कुमार साहू, जितेंद्र ध्रुव, ईश्वरी भोई, ज्योति रिंकू चंद्राकर, पार्षद निश्चय चंद्राकर, जसप्रीत प्रीति बादल मक्कड़, सुनैना पप्पू ठाकुर, राहुल आवड़े, सीता डोंडेकर, मुस्ताक विक्की खान, जरीना हफीज कुरैशी, माखन पटेल, ओमीन टोमन कागजी, कल्पना सूर्यवंशी, हरबंश ढिल्लो नानू भाई, धनेंद्र विक्की चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, माधुरी यदु, बड़े मुन्ना देवार, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजेंद्र चंद्राकर, भाऊराम साहू, पीयूष अमृत साहू, विजय साव, शुभ्रा मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनवानी सहित सीएमओ अशोक सलामे, उपअभियंता दिलीप कश्यप, प्रभारी राजस्व निरीक्षक दिलीप चंद्राकर, प्रभारी लेखापाल करण यादव, दुर्गेश कुंजेकार, वाहन प्रभारी सुरेश तिवारी, मिशन क्लीन सिटी प्रभारी नौशाद बक्श आदि मौजूद रहे।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के निर्देशन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन समय-सीमा में किये जाने हेतु जिले के समस्त विकासखंड नोडल अधिकारियों का समीक्षा बैठक शुक्रवार को आयोजित किया गया।

बैठक में कमलनारायण चंद्राकर जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के द्वारा एजेण्डावार चर्चा की गई। नवसाक्षर व स्वयंसेवी अनुदेशकों की सूची प्रपत्र अनुसार, 2025-26 का लक्ष्य विकास खंडवार, लक्ष्य के विरुद्ध पोर्टल में प्रविष्टि की संख्या, पोर्टल में प्रविष्टि हेतु शेष संख्या, स्थानांतरण से प्रभावित स्कूल यूजर व सर्वेयर की जानकारी, 2025-26 हेतु वास्तविक लक्ष्य संख्या, विकासखंडवार केंद्र संख्या, सितंबर 2025 में परीक्षा में शामिल होने हेतु लक्ष्य संख्या, मार्च 2026 में परीक्षा में शामिल होने के लिए लक्ष्य संख्या, नवसाक्षरों के लिए उल्लास केंद्र में प्राप्त पुरानी उल्लास प्रवेशिका की जानकारी, आदर्श उल्लास केंद्र का नाम विकास खंडवार, उल्लास केंद्र संचालन की जानकारी, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा वाद विवाद प्रतियोगिता के संबंध में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर से प्राप्त दिशा निर्देशों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में सम्पा बोस एपीसी एवं जिला नोडल अधिकारी उल्लास कार्यक्रम, विनोद कुमार शुक्ला विकासखंड शिक्षा अधिकारी बसना, तारिका कुंजाम सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुंद, रामता मन्नाडे सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा, सतीश स्वरूप पटेल बीआरसीसी सरायपाली, समस्त विकासखंड के नोडल अधिकारी उल्लास कार्यक्रम ईश्वर चंद्राकर महासमुंद, जगदीश नेताम सरायपाली, वीरेंद्र साहू बसना, अरुण कुमार देवता पिथौरा तुलसी राम पटेल प्रधान पाठक पिथौरा उपस्थित रहे।

# वृंदावन विद्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन

**महासमुंद।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं उनके परिवार को तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना तथा उसके हानिकारक प्रभाव के प्रति जानकारी देना है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण सलाहकार एवं मनोवैज्ञानिक मेघा ताम्रकार (शासकीय जिला अस्पताल खरोरा) के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से बच्चों को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव एंव उनके रोकथाम के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 6वीं से 10 वी तक का




75 बच्चे भाग लिए। जिसके उपरांत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथि मेघा ताम्रकर तथा विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन एवं संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। साथ ही 4 बच्चों का चयन कर उन्हें एंटी टोबैको मॉनिटर नियुक्त किया गया। अंत में छात्रों तथा शिक्षकों द्वारा नशा उन्मूलन के लिए शपथ ग्रहण किया गया। वृंदावन विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन एवं संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा तंबाकू के दुष्परिणाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपप्राचार्य इंदु मिश्रा तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण साहू एवं आभार प्रदर्शन होमेश साहू ने किया।

# द न्यू होली फेथ स्कूल में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हुआ बाल कैबिनेट का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकतंत्र की मिसाल पेश करते हुए द न्यू होली फेथ स्कूल में निर्वाचन प्रक्रिया द्वारा बाल कैबिनेट गठन किया गया। यह कार्य विद्यालय की प्राचार्या शरवरी पींचा एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेंद्र जैन के मार्गदर्शन में हुआ।

इस मौके पर महेंद्र ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी की भावना का केंद्र है। उन्होंने बच्चों को स्कूल के प्रति उनके अधिकार, कर्तव्य और अनुशासन के महत्व से




अवगत कराते हुए उन्हें देश के जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। विद्यालय की प्राचार्या शरवरी पींचा ने नवनिर्वाचित कैबिनेट को जिम्मेदारी, नेतृत्व और अनुशासन के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। निर्वाचन आयुक्त सविता चंद्राकर ने पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ चुनाव कराया। मंच संचालन भावेंद्र पांडे और हर्षिता चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में मार्चपास्ट का दृश्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस प्रभावशाली मार्च पास्ट एवं परेड का नेतृत्व वरिष्ठ शिक्षिका सविता चंद्राकर और वसुंधरा यदु ने किया।

बच्चों को शपथ ग्रहण प्रीतपाल सिंह ने दिलाई। चुनी गई बाल कैबिनेट में हेड बॉय वैभव, हेड गर्ल रूही, डेप्युटी हेड बॉय आदित्य, डिप्टी हेड गर्ल यास्मिन, अनुशासन कप्तान रिहांश, इरम, सांस्कृतिक कप्तान अक्षत, विभा, खेल कप्तान अंजली, अभिषेक, ब्लू हाउस आशीष, याशिका, पीच हाउस अब्दुल, त्रिशा, ग्रीन हाउस राज, तनु, येलो हाउस रौनक, गुरलीन शामिल है।

# नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष बने नानू, भाजपाइयों ने जताया हर्ष



**महासमुंद।** भाजपा संगठन द्वारा नगर पालिका परिषद महासमुंद में वार्ड नं. 13 के पार्षद व पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष नानू भाई को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया है। इस पर नपा उपाध्यक्ष कार्यालय में उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान नपाउपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण शुभ्रा मनीष शर्मा, भारती राजेंद्र चंद्राकर, विजय साव, कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी यादव, माखन पटेल, पीयूष साहू, धनेश्वरी सोनवानी, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष राजू चंद्राकर, धनीराम यदु, गौरव राठी, रोशन बग्गा रहे। उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष नानू भाई लंबे समय से नगर पालिका में पार्षद एवं पूर्व में उपाध्यक्ष रहे। उनके अनुभव का लाभ सभी पार्षदों को मिलेगा। नेता प्रतिपक्ष नियुक्त होने पर सभी भाजपा पार्षदों में हर्ष है। नेता प्रतिपक्ष नानू ने नियुक्ति पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को विपक्ष की भूमिका पूरी ईमानदारी निष्ठा के साथ निभाने का भरोसा जताया है।

# सीएचसी पिथौरा के कर्मचारी वर्षों से एसडीएम कार्यालय में संलग्न, आदेश के बाद भी नहीं हुई वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 चंदर साहू लंबे समय से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय पिथौरा में संलग्न हैं। जबकि, जिला कलेक्टर महासमुंद द्वारा 23 मार्च 2024 को आयोजित समीक्षा बैठक में सभी कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर लौटने का स्पष्ट निर्देश दिया गया था। आदेश में यह भी उल्लेख था कि आदेश का पालन नहीं करने पर संबंधित कर्मचारियों का वेतन रोका जाएगा। इसके बावजूद, चंदर साहू को आज तक उनके मूल विभाग सीएचसी पिथौरा में वापस नहीं बुलाया गया है। इस लापरवाही के चलते अस्पताल की व्यवस्थाओं पर प्रतिकूल




प्रभाव पड़ रहा है। क्षेत्र के जागरूक नागरिक अजय साहू ने इस विषय में हाल ही में कलेक्टर महासमुंद को आवेदन सौंपा है, जिसमें चंदर साहू को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर तत्काल वापस भेजने की मांग की गई है। साथ ही कलेक्टर के निर्देशों की अवहेलना करने वाले खंड चिकित्सा अधिकारी पर भी कार्रवाई की मांग की गई है।

विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. तारा अग्रवाल ने बताया कि चंदर साहू को वापस बुलाने हेतु एसडीएम पिथौरा को पत्र लिखा गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एसडीएम से चर्चा की जानी थी, लेकिन मुलाकात संभव नहीं हो पाई। इस संबंध में एसडीएम से पक्ष जानने संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# सलिहाभाठा में प्रथम पालक-शिक्षक बैठक हुई, दी गई अनेक जानकारी

**महासमुंद।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों की पूर्ति और पालक-शिक्षक सार्थक संवाद को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक शाला सलिहाभाठा में प्रथम पालक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) हुआ। इस बैठक में बच्चों के शैक्षणिक, सामाजिक, भावात्मक, शारीरिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की प्रगति के साथ परीक्षा की जानकारी पालकों को दी गई। पालकों और बच्चों को साथ बिठाकर घर और स्कूल के कार्यों के बारे में चर्चा करते हुए आ रही कठिनाइयों पर बात की गई। चर्चा में घर में सीखने का वातावरण, डिजिटल शिक्षा एप आदि पर चर्चा कर स्कूल और घर मे शिक्षण के लिए बेहतर तालमेल की कार्ययोजना पर बात किया गया। इस बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शाला में संचालित शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी आदि के बारे में भी पालकों, शिक्षाविदों को जानकारी देते हुए सभी से चर्चा किया गया। बैठक में पिरीत राम साहू, मंशा राम सिन्हा, पंचराम ध्रुव, हेमलता साहू, पुष्पा सिन्हा, रिखीराम दीवान, पिलेश्वर सिन्हा, उमेश सिन्हा, भोजराम साहू, गुलाब ध्रुव, मयाराम दीवान, तोरण ध्रुव, जागेश्वर ध्रुव, हुलश सिन्हा आदि पालक, शिक्षाविद उपस्थित थे

# सौर ऊर्जा बिजली खर्च से मुक्ति ही नहीं, अतिरिक्त आय का भी बना जरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता वायके मनहर ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत 2 किलोवॉट या अधिक क्षमता वाले प्लांट लगाने वाले उपभोक्ता प्रतिमाह 240 यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन 25 साल तक कर सकते है, जो 03 अगस्त 2025 के पहले लागू हॉफ बिजली योजना से मिलने वाली अधिकतम छूट (400 यूनिट पर 200 यूनिट रियायत) से भी ज्यादा है। ऐसे उपभोक्ता अपने घर से सौर ऊर्जा से उत्पन्न विद्युत का उपयोग कर न सिर्फ बिजली खर्च से मुक्ति पा सकते है, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में प्रवाहित कर आय भी अर्जित कर सकते है।



प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली, स्थायी बचत और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करेगी। साथ ही पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की दिशा में भी यह एक बड़ा कदम साबित होगा। इससे छत्तीसगढ़ के उपभोक्ता हॉफ बिजली बिल से मुफ्त बिजली बिल योजना की ओर स्वाभाविक रुप से अग्रसर होंगें। उपभोक्ता किसी भी योजना पर निर्भर न रहते हुए स्वंय अपनी छत पर ऊर्जा उत्पादन कर ऊर्जादाता बनेंगें। यह रणनीतिक पहल राज्य को स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक बचत और ऊर्जा स्वतंत्रता की दिशा में आगे बढ़ाएगी। इस योजना का लाभ उपभोक्ताओं को पूर्णतः ऑनलाईन प्रक्रिया के तहत दिया जा रहा है। जिसके तहत उपभोक्ता स्वंय ऑनलाईन पोर्टल https://pmsuryaghar.gov.in./#/ पर लॉग इन कर अथवा पीएम सूर्यघर मोबाईल ऐप सीएसपीडीसीएल के वैबासाइट, मोर बिजली ऐप एवं बिजली कंपनी की टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए सीएसपीडीसीएल के नजदीकी बिजली दफ्तर में संपर्क कर सकते है। इस स्कीम के तहत उपभोक्ता सौर प्लांट के स्थापना के लिए वेंडर का चयन ऑनलाईन खुद कर सकते है। सौर प्लांट स्थापित होने के बाद केंद्र एवं राज्य से प्राप्त होने वाली सब्सिडी राशि सीधे उपभोक्ता के खाते में अथवा बैंक से लोन लेने वाले प्रकरण में सीधे बैंक के खाते में प्राप्त होगी। अगर आप भी इस योजना का लाभ लेना चाहते है, तो आप इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते है और एक उज्ज्वल और हरित भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकते है। 1,08,000 रुपए की सब्सिडी घटाकर शेष राशि स्वयं वहन करना होता है।

# शिक्षक-पालक समन्वय के लिए पटपरपाली पंचायत के स्कूलों में हुई बैठक

**पटपरपाली (कोमाखान)।** नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के शुभारंभ पर छत्तीसगढ़ शासन एवं कलेक्टर के आदेशानुसार ग्राम पंचायत पटपरपाली के समस्त शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों में 6 अगस्त 2025 बुधवार को विद्यालय स्तर पर शिक्षक पालक बैठक आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य पालकों और शिक्षकों के बीच संवाद, सहयोग और समन्वय को बढ़ाना है। बैठक में ग्राम पंचायत पटपरपाली सरपंच लता कमलेश टांडेय ने अपने वक्तव्य में कहा है कि पालक-शिक्षक बैठकों से बच्चों के शिक्षा, संस्कार और पोषण जैसे महत्वपूर्ण





पहलुओं पर ठोस चर्चा का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने सभी पालकों और शिक्षकों से अपील की है कि वे बैठक में सक्रिय सहभागिता दें और अपने पाल्यों के सर्वांगीण विकास के लिए सार्थक सुझाव रखें। बैठक के दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक द्वारा संचालित विद्यार्थी हितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। बच्चों की शिक्षा, पोषण एवं व्यक्तिगत विकास से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। इससे अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों सभी के अंदर नई ऊर्जा का संचार हुआ है। विद्यालय में अध्ययनरत गांव के छात्र छात्राओं के पालकों को बुलाकर छात्रों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान में पालक कृषि कार्यों में संलग्न है तो वहीं दूसरी ओर छात्र-छात्राओं को भी तिमाही परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सम्यक अध्ययन की आवश्यकता है। इसके लिए बालक, पालक और शिक्षक का आपसी संवाद जरूरी है। बैठक में पालक और बालक बालिका के आपसी तालमेल के लिए अभिभावकों द्वारा भी सुझाव दिए गए। शिक्षक पालक बैठक में प्रमुख रूप से अतिथि के रूप में पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय, संकुल प्रभारी राधेश्याम निराला] प्रधान पाठक केवलराम टंडन, सुलन चंद्राकर, फिरोज ठाकुर, दिनेश साहू, पूनम निषाद, ज्योति मेश्राम, प्रतीक चंद्राकर, अशोक यादव, बिश्वा साहू, भनत साहू, चूणकरन साहू, मनोज यादव, मनोज साहू, जितेंद्र साहू, सीताराम साहू, दशरथ साहू आदि मौजूद रहे।

# एक दिवसीय कॅरियर गाइडेंस प्रशिक्षण



**तेंदूकोना।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वाधान में एक दिवसीय करियर गाइडेंस और प्रशिक्षण पश्चात रोजगार प्राप्त करने संबंधित मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से अमन निषाद के द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को संचालित कोर्स, सोलर इंस्टॉलर, होटल मैनेजमेंट, फॉल्स सीलिंग, वेल्डिंग, प्लंबिंग, कंप्यूटर ऑपरेटर, ब्यूटी पार्लर, नर्सिंग सहायक, 4 व्हीलर रिपेयरिंग, 2 व्हीलर रिपेयरिंग, कंप्यूटर ऑपरेटर , इलेक्ट्रिकल (सोलर) आदि ट्रेड से सम्बंधित प्रशिक्षण और प्रशिक्षण पश्चात रोजगार की उपलब्धता के बारे में विस्तार से बताया। शिकारीपाली, भीखापाली, मोंगरापाली, कलमीदादर, सोनदादर, सराईपाली, सालहेभाठा, तेंदूकोना, कौसरा, कौहाकुढा, डोकरपाली, टूरीझर आदि ग्राम से आए विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। साथ ही इस फाउंडेशन से रोजगार प्राप्त कर चुके उपस्थित बच्चों ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी और भविष्य मे सभी ट्रेड से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम के संचालक संजय श्रीवास्तव द्वारा पूर्व में आयोजित कार्यक्रम से रोजगार में लगे (सोलर, ऑटोमोबाइल) विद्यार्थियों की सफलता के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एसएस दीवान, व्यवसायिक शिक्षक अनुराग साहू (ऑटोमोबाइल), संजय वास्तव (इलेक्ट्रॉनिक) विशेष रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन कोमल ध्रुवंशी (व्याख्याता ) ने किया।

## खबर संक्षेप



### शेर स्कूल में व्यास पूजा

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर में कार्यक्रम अधिकारी ऋचा पटेल के मार्गदर्शन एवं हेमकुमारी नेताम के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा व्यास पूजा किया गया। जिसमें सभी स्वयं सेवक उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी विद्यालय के शिक्षक होश सिन्हा ने दी है।



### साराडीह में हुई शिक्षक-पालक मेगा बैठक

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला साराडीह में शिक्षक पालक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान पाठक मंजू चंद्राकर द्वारा शासन की योजनाओं एवं बच्चों को मासिक मूल्यांकन आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चार्चा की गई। बैठक में उपस्थित एसएमसी अध्यक्ष सीमा साहू, सदस्य तोषक साहू, संतानू रात्रे, हरि बांधे, रेखा साहू, काजल मारकंडे, रेशमी बघेल आदि मौजूद रहे।

### कोसरंगी में ध्वजारोहण कार्यक्रम 14 को

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री के आव्हान पर घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के ग्राम कोसरंगी स्थित सामाजिक भवन में स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त गुरुवार को प्रातः 8 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती होंगे तथा पूर्व प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि, सांसद प्रतिनिधि नारेंद्र प्रकाश गिरि, सहकारी समिति खट्टी के अध्यक्ष हुलास गिरि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक राजेन्द्र गिरि और सह संयोजक अर्जुन गिरि ने समाज के समस्त सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

**रोष:** भूपेश सरकार की जनहितैषी योजना को समाप्त कर रही भाजपा, गरीबों को कर्ज में झोंकने की साजिश

# हाफ बिजली बिल में कटौती गरीबों के पेट पर लात: द्वारिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों के विरुद्ध एक और अन्यायपूर्ण कदम उठाया है। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार द्वारा लागू की गई हाफ बिजली बिल योजना, जिससे लाखों गरीबों को आर्थिक राहत मिली थी, उसे भाजपा सरकार ने लगभग खत्म कर दिया है। अब मात्र 100 यूनिट तक की खपत पर ही छूट दी जाएगी, वो भी इस शर्त के साथ कि यदि खपत 100 यूनिट से एक यूनिट भी अधिक हुई, तो उपभोक्ता को पूरा बिल भरना पड़ेगा।





पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने इसे गरीबों के साथ विश्वासघात और जनविरोधी कदम बताते हुए तीव्र आलोचना की है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन वाली भाजपा सरकार आम जनता की कमर तोड़ने पर तुली है। पहले बिजली दरों में बढ़ोत्तरी और अब हाफ बिल योजना की सीमा को घटाकर 100 यूनिट करना, ये सब योजनाबद्ध तरीके से गरीबों को महंगाई और कर्ज के दलदल में धकेलने का काम है।

### भूपेश बघेल सरकार की योजना से गरीबों को मिला था सीधा लाभ

भूपेश बघेल सरकार द्वारा लागू की गई हाफ बिल योजना के तहत 400 यूनिट तक बिजली खपत पर उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत तक की राहत मिलती थी। इस योजना से अब तक 6044 करोड़ रुपए की सीधी आर्थिक मदद जनता को मिली थी। हजारों गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए यह योजना वरदान साबित हुई थी। विधायक यादव ने कहा कि राज्य सरकार के नए फैसले के मुताबिक अब हाफ बिल की छूट सीमा केवल 100 यूनिट तक सीमित कर दी गई है, जिससे राज्य के 90 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ता इस योजना से बाहर हो जाएंगे। इतना ही नहीं, सरकार ने यह भी आदेश जारी कर दिया है कि यदि खपत 100 यूनिट से एक यूनिट भी अधिक हुई तो पूरी सब्सिडी समाप्त

### फ्री बिजली का झूठा सपना, असल में महंगाई का पहाड़

सरकार यह कह रही है कि वह प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत मुफ्त बिजली देने की ओर बढ़ रही है, लेकिन यह योजना महज छलावा है। द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि क्या कोई गरीब परिवार लाखों रुपये की लागत से अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवा सकता है? क्या सरकार बताना चाहती है कि गरीबी में पिस रहे मजदूर और किसान बैंक से लोन लेकर बिजली के लिए कर्जदार बनें?

### भाजपा सरकार कर रही है गरीबों की उपेक्षा, उद्योगपतियों को रियायत

छत्तीसगढ़ एक सरप्लस बिजली उत्पादन वाला राज्य है, इसके बावजूद आम जनता को महंगी बिजली दी जा रही है। वहीं भाजपा सरकार अपने समर्थक पूंजीपतियों और उद्योगपतियों को सस्ती बिजली और सब्सिडी दे रही है। यह सीधे तौर पर प्रदेश की भोली-भाली जनता के साथ विश्वासघात है। जो बिजली हमारे गांव-गरीबों के लिए होनी चाहिए, वह मुनाफाखोरों के हवाले की जा रही है। अंत में विधायक यादव ने कहा कि हम जनता के साथ खड़े हैं, उनके हक की हर लड़ाई सड़क से विधानसभा तक लड़ेंगे। भाजपा सरकार की गरीब विरोधी नीतियों को जनता के सामने बेनकाब किया जाएगा।

# दाबपाली के 103 हितग्राहियों को चरण पादुका का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

- शासन की योजनाओं को भी दी गई विस्तारपूर्वक जानकारी



शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना अंतर्गत प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित गोडपाली पंक्र. 182 के तत्वावधान में ग्राम पंचायत दाबपाली के 103 तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरण कार्यक्रम रखा गया। साथ ही संग्राहकों को वनोपज संग्राहकों के लिए छग विभाग से मिलने वाली दसवीं बारहवीं के 75 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों के लिए मेधावी छात्रवृत्ति बीमा योजना के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही संग्राहकों को आने वाले समय में अधिक से अधिक संख्या में बूटा छोपाई कर अधिक से अधिक पत्ता संग्रहण पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच गेस पटेल, प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित गोंडपाली के अध्यक्ष खेमराज साहू, प्रबंधक राधे श्याम साहू, जिला प्रतिनिधि संतराम ध्रुव, फंड मुंशी देवलाल दीवान, संग्राहक अर्चना दीवान, यशोदा दीवान, गिरजा दीवान, सेमकुमारी, पंच लक्ष्मण ध्रुव, ओमप्रकाश दीवान, गोपाल ध्रुव सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सशिमं के विद्यार्थियों ने किया थानेश्वर महादेव में जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा थानेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर धार्मिक आस्था का परिचय दिया गया। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टाफ, समिति पदाधिकारी एवं अनेक पालकगण उपस्थित रहे। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय की ओर से भव्य कांवर यात्रा निकाली गई। आकर्षक झांकी और वेशभूषा में नन्हे-मुन्ने बच्चे शंकर-पार्वती, गणेश आदि के रूप में सजकर डीजे की धुन पर शिवभजनों में झूमते नजर आए। यात्रा मार्ग में नगरवासियों द्वारा कांवरियों के लिए फल, चॉकलेट एवं पानी की व्यवस्था की गई थी। थानेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पूजन और आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूजन का नेतृत्व मेवा महाराज ने किया, जिसमें भैया-बहनों, विद्यालयीन आचार्यों एवं समिति सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहीद भगत सिंह शिक्षण समिति के पूर्व अध्यक्ष रमाशंकर तिवारी, वर्तमान अध्यक्ष बोधी राम चौधरी, प्राचार्य गायत्री राजपूत, सीताराम पटेल, सावित्री प्रजापति, टेकलाल जगत, सरजूराम सिन्हा, सावित्री साहू सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



# बैठक में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की दी गई जानकारी

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला नवागांव में प्रथम पालक शिक्षक मेगा बैठक 2025-26 का आयोजन किया गया। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, संकुल समन्वयक राजू देवांगन, शाला विकास समिति के अध्यक्ष पूरन लाल निषाद एवं सुंदर लाल सिन्हा उपस्थित थे। बैठक का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा अर्चना एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत गुलाल वंदन एवं पुष्प गुच्छ के साथ किया गया। बैठक में सिन्हा द्वारा पालकों के साथ संवाद कर विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर ने किया। संस्था के प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू एवं नरेश्वर डडसेना द्वारा पालक-शिक्षक बैठक मे 12 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ में दीक्षा एप, ई जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी डाउनलोड करने के लिए अनुरोध किया गया। बैठक में शाला के शिक्षक बिहेंद्र कुमार साहू, अमर कुमार साहू, किरण दीवान, अमृतलाल निषाद, नंद कुमार कोसरे, आशीष ध्रुव उपस्थित थे। इस अवसर पर शाला में नेवता भोज का आयोजन किया गया। बैठक में नागरिक अशोक पटेल, मनीराम जांगड़े, फगवाराम, नील सिंग ध्रुव, मोरध्वज सिन्हा, मनोहर सिन्हा, बलराम साहू, अंजोर, गंगाराम दीवान, राजेंद्र दीवान, राजेश कुमार, दयालू, लता सिन्हा, उमा, कविता, हीराबाई, दया बाई आदि का सहयोग रहा।

# निर्धन छात्रों की सहायता के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी विकासखंड बागबाहरा में प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं के पालकगण को दो दिन पूर्व से ही आमंत्रण पत्र भेजा गया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार पटेल, अहिल्या साहू सरपंच ग्राम देवरी, राहुल चंद्राकर जनपद सदस्य देवरी, संकुल समन्वयक मनोज चक्रधारी उपस्थित रहे।

इस अवसर में प्राचार्य डोमन सिंह टंडन द्वारा बारह बिंदु घर का वातावरण, अकादमिक प्रगति, बच्चा बोलेगा बेझिझक, आयु, बस्ता रहित शनिवार, विभिन्न प्रमाण पत्र, न्यौता भोजन, प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी, पॉक्सो एक्ट, दीक्षा ऐप आदि का विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया गया।



बैठक कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। जनपद सदस्य राहुल ने निर्धन छात्रों की सहायता के लिए आवश्यकतानुसार प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की। यादराम साहू द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा संचालन के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान किया और ज्यादा से ज्यादा छात्रों को इसमें भाग लेने के लिए सुझाव दिया। शांता साहू द्वारा अनुशासन के लिए मार्गदर्शन दिया गया। सरपंच अहिल्या साहू द्वारा बा लि का ओं सुरक्षा पर चर्चा की गई। सरिता चंद्राकर ने स्कूल में होने वाले दिनचर्या की जानकारी अपने अपने बच्चों से लेने के लिए निवेदन किया।

कार्यक्रम में शाला विकास समिति के सदस्य गण दुर्गेश साहू, हेमलाल देवांगन, कामता पुरेना पालक गण ज्योति गोस्वामी, खिलावन निषाद, मिलाल गजभीम, सीताराम जलछत्री, शिवकुमार साहू, डीलेश्वर यादव, मनोज चंद्राकर, दुर्जन सिंह ठाकुर, दिनेश्वर टंडन, मीनचंद्र बया, भागवत कुर्रे, नर्मदा बाई सहित विद्यालय के व्याख्याता गण नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, बीएल टंडन, रवि प्रकाश पात्रे, शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, पुष्कर भारतीय, लीलाधर वर्मा कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### बिजली समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में बिजली व लो वोल्टेज की समस्या को देखते हुए कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें सरपंच देवेंद्र चंद्राकर, पूर्व सरपंच हरिश चंद्र ध्रुव, वार्ड पंच थनवार यादव, कोतवाल लक्ष्मीनारायण, दीनू निर्मलकर, चोवाराम बंजारे आदि मौजूद रहे।



### स्कूटी को ठोकर मारकर स्कार्पियो चालक ने की मारपीट

**महासमुंद।** स्कूटी को ठोकर मारकर स्कार्पियो के चालक ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट सरायपाली थाने में दर्ज कर कराई गई है। पुलिस को प्रार्थिया भावना प्रधान निवासी ग्राम भूथिया ने बताया कि वह 5 अगस्त को अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एच 8392 से रामचंडी कॉलेज गई थी। कॉलेज की छुट्टी होने पर वह अपनी सहेली सावित्री अजगल्ले के साथ घर भूथिया जाने के लिए निकली थी। उसके आगे पिता रोहित प्रधान अपनी मोटर सायकल से जा रहे थे। दोपहर करीबन 3 से 3:30 बजे के मध्य उसने अपनी सहेली सावित्री अजगल्ले को उसके ग्राम बालसी में छोड़ने के लिए स्कूटी मेन रोड के किनारे में खड़ी किया और वह जब स्कूटी से उतरने वाली थी, तभी पीछे तरफ से स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 4011 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर स्कूटी को पीछे से ठोकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे वह स्कूटी सहित गिर गई। प्रार्थिया के पिता रोहित प्रधान घटना को देखकर आए और स्कार्पियो वाहन के चालक को क्यों इतना तेज चलाते हो कहा तब आरोपी वाहन चालक ने गुस्से में आकर रोहित प्रधान के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी, साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मारपीट करने से उनके बायें कान के पास एवं पेट में चोट लगी तथा प्रार्थिया के कमर में चोट आई है और स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 115(2), 125(ए), 281, 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# पौधों की नवाचारी सुरक्षा के साथ ग्रीन केयर ने किया पौधरोपण, प्लास्टिक पाइप का सुरक्षा कवच लगाया

## गड्ढे भी हैंड मशीन से खोदे गए, ग्राम बामनडीह में 90 पौधों का रोपण पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर वर्ष 2024 में देश के विभिन्न भागों में लगाए थे अनेक पौधे एक पेड़ मां के नाम अभियान में। इस वर्ष याने 2025 में भी ग्रीन केयर द्वारा एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान अंतर्गत पौधरोपण एवं जनजागरुकता शुरू किया है।

जिसके अंतर्गत कोमाखान क्षेत्र के ग्राम बामनडीह निवासी माता रामप्यारी शर्मा ने अपने 90वें जन्मदिन पर अपने हाथों से शमी का पौधा रोपित कर कार्यक्रम की शुरुवात की थी। पश्चात वर्षा होने के बाद क्रमशः शेष पौधों का रोपण शुरू किया गया। पौधरोपण समापन अवसर पर विशेष रूप से ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही पहुंचे एवं अपने हाथों से छोटे हैंड मशीन से पौधरोपण के लिए गड्ढे किए तथा पौधरोपण किए। मशीन से गड्ढा खोदना भी ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक नवाचारी कार्य है।




गौरतलब है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पौधरोपण में ग्रीन केयर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर डॉ विजय शर्मा, दिलीप शर्मा, राजेंद्र शर्मा, शिव उपाध्याय, पंडित कीर्ति शर्मा, सच्चीज्ञान उपाध्याय, धनेश्वर उपाध्याय, गौरव उपाध्याय, लच्छी राम यादव सहयोग प्रदान कर रहे हैं तथा प्लास्टिक पाइप लगाकर पौधों की जो नई तरह से सुरक्षा व्यवस्था की गई है, उसमें भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मां पाटमेश्वरी मंदिर से पहुंच मार्ग के दोनों ओर पौधरोपण किया गया।

फलदार, छायादार देशी वृक्षों का अधिकतर रोपण किया। पौधे निःशुल्क प्रदान करने के लिए वनमंडलाधिकारी महासमुंद, परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा एवं वन विभाग का ग्रीन केयर के डायरेक्टर अमुजूरी विश्वनाथ ने धन्यवाद पत्र प्रेषित किया।

# शांत्रीबाई कालेज में बैंकिंग से संबंधित वित्तीय लेन-देन एवं निवेश जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत बैंकिंग से संबंधित वित्तीय लेन-देन, जागरुकता एवं निवेश विषय पर जागरुकता कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ को डिजिटल बैंकिंग, सुरक्षित लेन-देन, वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव तथा सही निवेश विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान करना था।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता जफरुद्दीन वित्तीय प्रशिक्षक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा डिजिटल बैंकिंग के लाभ एवं सावधानियां, वित्तीय साक्षरता का महत्त्व, ऑनलाइन फ्रॉड से कैसे बचें, बचत खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट, पीपीएफ, म्यूचुअल फंड जैसे निवेश विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस बीच छात्र/छात्राओं एवं स्टाफ के मन में उठ रहे अनेक सवालों का जवाब भी मुख्य वक्ता द्वारा विस्तृत रुप से दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने कहा कि वित्तीय जागरूकता आज के युग की आवश्यकता है। छात्रों को प्रारंभ से ही पैसों के प्रबंधन और सुरक्षित लेन-देन की समझ होनी चाहिए।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, लुकेश साहू, हीना चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, रेशम साहू, भूमिका दुबे, गोविंद वास, गुलाब चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक तारक एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त जानकारी हीना चंद्राकर एवं घनश्याम साहू ने दी है।

# प्रधान पाठक डेमेश्वरी ने दान की एक महीने की सैलरी, बच्चों में समानता का भाव लाने लगातार करती रही है प्रयास भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने अपने पुत्र सार्थक के जन्मदिन पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए। यह वितरण उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके अंतर्गत डेमेश्वरी प्रत्येक वर्ष अपनी एक माह की सैलरी बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं पर खर्च करती हैं। बैग वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने कहा कि डेमेश्वरी गजेंद्र का यह दृष्टिकोण उन्हें एक सामान्य शिक्षक से अलग पहचान देता है। वे शिक्षा को कक्षा और बच्चों की गरिमा, आत्मबल और सामाजिक समानता से जोड़कर देखती हैं। ऐसे शिक्षक प्रशासनिक ढांचे को मजबूती देते हैं। उनका योगदान प्रेरणास्पद और उत्साहवर्धन के योग्य है। अध्यक्षता कर रहे जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने कहा कि डेमेश्वरी ने निजी अवसरों को सामाजिक दायित्व में बदलकर सभी शिक्षकों को एक नई राह दिखाई है। कार्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा है। वे सरकारी व्यवस्था में रहकर मानवीय संवेदना का उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने बताया कि वर्ष 2022 में स्कूल की दर्ज संख्या 75 थी लेकिन उपस्थिति बहुत कम थी। डेमेश्वरी के मार्गदर्शन में शिक्षकों की टीम ने घर-घर जाकर पालकों से संवाद किया, घुमंतू समुदाय के बच्चों को स्कूल से जोड़ा और शिक्षा के प्रति भरोसा जगाया।



आज इसी विद्यालय में दर्ज संख्या 98 पहुंच चुकी है और नब्बे फीसदी की औसत उपस्थिति है, यह सब शिक्षकों के समर्पण और सेवाभाव से ही संभव हो सका है। प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने कहा कि मैं चाहती हूं कोई बच्चा सिर्फ इसलिए न पिछड़े क्योंकि उसके पास संसाधन नहीं हैं। मां की ममता और शिक्षक की दृष्टि के साथ हर विद्यार्थी को संबल देना मेरी ज़िम्मेदारी है। कार्यक्रम में आशीबाई गोलछा कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य जीएल सिन्हा, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक गैंदलाल साहू, उमादेवी शर्मा, सार्थक गजेंद्र, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुशील कुल्हडिया, उपाध्यक्ष रेवती यादव, सदस्य ज्वाला सूर्यवंशी, शांति साहू के साथ शिक्षक चंचला गुप्ता, लता वैष्णव, ममता डड़सेना, खेमिन साहू, कल्याणी फेकर आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

### पहले भी देती रही हैं बेल्ट रिबन, पेंसिल बॉक्स

डेमेश्वरी गजेंद्र ने बच्चों में एकरूपता और आत्मबल के लिए पूर्व वर्षों में भी लगातार निजी व्यय से सामग्री प्रदान की है। उन्होंने यूनिफॉर्म का बेल्ट, रिबन, पेंसिल बॉक्स, कॉपियां, पेन, बिस्कुट और टॉफियां अपने वेतन से खरीदकर बांटे हैं। उनका प्रयास रहा कि बच्चे संसाधनों की कमी के कारण कभी शर्मिंदगी या हीन भावना न महसूस करें। इन उपहारों से बच्चों का विद्यालय के प्रति लगाव बढ़ा और उनकी उपस्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा गया।

